






# युवक की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल में जमकर हंगामा

## सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था युवक, चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप, सुरक्षा कर्मियों से हुई हाथापाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत के बाद रीवा के संजय गांधी अस्पताल में एक बार फिर जमकर हंगामा हुआ है. मृतक के परिजनो ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया.**



इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और मृतक के परिजनों के बीच जमकर हाथापाई भी हुई है तकरीबन 3 घंटे तक चले हंगामें के बाद संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डा. राहुल मिश्रा मौके पर पहुंचे हैं और परिजनों को समझाएं देकर मामले को शांत कराया. मृतक विवेक अग्निहोत्री निवासी निपानिया हाल मुकाम सतना के परिजन महेंद्र अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम तकरीबन 7 बजे रामपुर बघेलान के समीप दो वाइयों की सीधी टक्कर हो गई थी. इसके बाद घायल विवेक को उपचार के लिए रामपुर बघेलान अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सतना रेफर कर दिया गया. यहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया. परिजनों ने बताया कि देर रात तकरीबन 2 बजे विवेक को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति नॉर्मल बताई. परिजनों का सीधा आरोप है कि चिकित्सकों द्वारा विवेक का किसी भी प्रकार का कोई उपचार नहीं किया गया साथ ही ड्यूटी में तैनात डाक्टर द्वारा भी अभद्रता की गई. परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के चलते सुबह तकरीबन 5 बजे अचानक विवेक की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई. जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने चिकित्सकों के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल के अंदर जमकर हंगामा किया है. इस दौरान सुरक्षा कर्मियों से भी हाथापाई हुई है.

हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और विवाद को शांत कराने में जुटी रही. वही इस पूरे घटनाक्रम के तकरीबन 3 घंटे बाद अस्पताल अधीक्षक डा0 राहुल मिश्रा मौके पर पहुंचे हैं और परिजनों को समझाइश दी.

### आखिर आए दिन क्यों होता है विवाद

संजय गांधी अस्पताल में आए दिन विवाद की स्थित आखिर क्यो बनती है ? सूत्रो की माने तो वरिष्ठ चिकित्सक अस्पताल में नही रहते और जूनियर डाक्टरो के हवाले अस्पताल रहता है . जब कोई गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचता है तो जूनियर डाक्टर इलाज करने में काफी लापरवाही करते है, समय पर इलाज न मिलने से जब परिजन नाराज होते है तो चिकित्सक और परिजनो के बीच विवाद शुरू हो जाता है . रात के समय तो स्थित और खराब रहती है . जूनियर डाक्टर अपने कमरो में रहते है और मरीज इलाज के लिये तड़फता रहता है . जब परिजन बुलाने जाते है तो डाक्टर और परिजनों के बीच विवाद होता है .



# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गंगेव विकासखण्ड में हिनौती गौधाम का निरीक्षण किया. उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली.**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेस्टहाउस का शेष कार्य 15 फरवरी तक पूरा कराकर इसका लोकार्पण कराएं. हिनौती गौधाम के बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य स्वीकृत कर दिया गया है. ग्राम पंचायत इसका तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराए. एसडीएम सिरमौर निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृति जारी कराएं. रेस्टहाउस के समीप बनाई जा रही नवीन गौशाला तथा दो पुरानी गौशालाओं में सुधार करके गौवंश रखने की व्यवस्था करें. अन्य गौशालाओं का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा कराएं. उप मुख्यमंत्री ने गौशाला के भ्रमण के दौरान गौमाता का पूजन किया तथा गुड़ और चना खिलाया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम में गौवंश को रखने के लिए 34 गौशालाएं बनाई जानी हैं. इनमें से 47 हेक्टेयर क्षेत्र में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से गौशालाओं का निर्माण कराया जाएगा. इसके लिए भूमि का चिन्हांकन कर दें.

एसडीएम गौशाला के पूरे क्षेत्र का सीमांकन कराकर सीमा चिन्ह लगवाएं, जिससे निजी और शासकीय भूमि में किसी भी तरह का विवाद न रहे. हिनौती गौधाम को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जा रहा है. इसमें दो एकड़ जमीन प्राकृतिक खेती के लिए भी निर्धारित करें. मौके पर उपस्थित एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने गौधाम में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी दी. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज करेंगे जबलपुर और कटनी का दौरा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 23 जनवरी को सुबह 7 बजे रीवा से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10 बजे जबलपुर पहुंचेंगे . उप मुख्यमंत्री जबलपुर में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक मंत्री जगतप्रकाश नड्डा के साथ सिद्धिबाला बोस लाइब्रोरी एसोसिएशन के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे . उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 .50 बजे जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा के साथ हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1 .30 बजे कटनी पहुंचेंगे तथा होम ग्राउण्ड में आयोजित मेडिकल कालेज कटनी के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे .

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन रीवा में आज


**रीवा,** शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना संचालित की गई है . योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जाता है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है . योजना के तहत जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन 23 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है . समारोह शासकीय उमावि मार्तण्ड क्रमांक तीन के मैदान में दोपहर 12 .30 बजे से आयोजित होगा .

### विंध्य प्रदेश पुनर्निर्माण को लेकर निकाली जाएगी रैली

**रीवा,** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती आज 23 जनवरी को विवेकानन्द पार्क कालेज चौराहा रीवा में दोपहर 12 .30 बजे से मनाई जायेगी . दोपहर 1 .30 बजे सुभाष तिराहा रीवा में पहुंचकर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित कर विन्ध्य प्रदेश के पुर्ननिर्माण को लेकर एक रैली निकाली जायेगी जो सिरमौर चौराहा, अमहिया, अस्पताल चौराहा, प्रकाश चौराहा, शिल्पी प्लाजा होते हुए आयुक्त रीवा संभाग रीवा के कार्यालय पहुंचेगी . जहां पर आयुक्त के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपा जायेगा . रीवा नगर के गणमान्य नागरिकों एवं विन्ध्य प्रेमियों से नेताजी की जयंती एवं विन्ध्य प्रदेश पुर्ननिर्माण की रैली में शामिल होने की अपील की है .

### संकल्प से समाधान अभियान में 19724 आवेदन पत्र दर्ज

**रीवा,** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है . जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है . अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं . इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 19724 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं . इनमें से 8286 आवेदन पत्रों को मंजूर किया गया है . ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 1916, विकासखण्ड रीवा में 4096, विकासखण्ड सिरमौर में 3448, विकासखण्ड गंगेव में 5170, विकासखण्ड त्योंथर में 2487 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 982 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं . शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1303, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 26, नगर परिषद चाकघाट में 101, नगर परिषद डभौरा में 36, नगर परिषद त्योंथर में 28, नगर परिषद गुढ़ में 71, नगर परिषद मनगवां 8, नगर परिषद गोविंदगढ़ 7 तथा नगर परिषद सिरमौर में 45 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं . इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है .



### संकल्प से समाधान अभियान में लगाए जा रहे शिविर

**रीवा,** आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण तथा विकास योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संकल्प से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है . जिले भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में शिविर लगाए जा रहे हैं . इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि 22 जनवरी को ग्राम पंचायत मोहरवा 482, ग्राम पंचायत अंजोरा, जमुई कला, ग्राम पंचायत सरई कला तथा ग्राम पंचायत देवहटा में शिविर लगाए गए . जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत अमहा, लोटनी तथा खड्डा में भी शिविर लगाए गए . इन शिविरों में नोडल अधिकारियों द्वारा आमजनता से विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र भरवाए गए . साथ ही शासन की सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी आमजनता को दी गई . शिविर में खाद्यान्न पर्ची वृद्धावस्था तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल सूची में नाम शामिल करने, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली बहना योजना, उद्यम क्रांति योजना तथा अन्य योजनाओं के आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं . इन आवेदन पत्रों का लगातार निराकरण भी किया जा रहा है .

# प्रभारी मंत्री गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण कर लेंगे परेड की सलामी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा.**

जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में जिला स्तरीय समारोह सुबह 9 बजे आरंभ होगा. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे. समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा. समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया जाएगा. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा. जिले के सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा. गणतंत्र दिवस में प्रात: सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वज वंदन किया जाएगा. गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है. नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इसमें स्वराज संस्थान संस्कृति विभाग से नियुक्त कवि काव्य पाठ करेंगे.

# कलेक्टर मऊगंज ने लापरवाह शिक्षक को किया निलंबित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 22 जनवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज एवं तत्कालीन छात्रावास वार्डन श्रीमती शकुंतला नीरत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं.**

निलंबन अवधि में श्रीमती नीरत का मुख्यालय बीईओ कार्यालय हनुमना रहेगा. उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा. वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने, छात्रावास का प्रभार न देने तथा अनाधिकृत रूप से 6 लाख 67 हजार 699 रुपए आहरित करने के कारण उन पर निलंबन की कार्यवाही की गई है. यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है. श्रीमती नीरत का कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास दुवगवां कुर्मियान के अधीक्षक के रूप में एक वीडियो वायरल हुआ था. कलेक्टर द्वारा इसकी अपर कलेक्टर से जाँच कराई गई. जाँच प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है. कलेक्टर ने श्रीमती नीरत द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की जाँच के लिए पाँच सदस्यीय समिति भी तैनात की है.

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन मऊगंज में आज

**मऊगंज,** शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना संचालित की गई है . योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जाता है . मऊगंज जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन 23 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है . समारोह शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दोपहर 12 .30 बजे से आयोजित होगा . समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे . अध्यक्षता विधायक देवतालाब गिरीश गौतम करेंगे . समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल शामिल होगे .



जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेते महापौर अजय मिश्रा बाबा

# धोबिया टंकी में पाइप से लोड ऑटो पलटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबिया टंकी में पाइप से लोड ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. इस दौरान पास से गुजर रहे स्कूटी सवार पिता पुत्री ऑटो में लोड पाइप की चपेट में आ गए जिससे वह मामूली रूप से घायल हो गए.**

मौके से गुजर रहे राहगीरों द्वारा तत्काल पाइप को हटाकर पिता पुत्री को बाहर निकल गया जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया. वही इस सड़क दुर्घटना में यातायात पुलिस की भी बड़ी लापरवाही निकाल कर सामने आई है. ओवरलोड ऑटो बीच शहर से गुजर रहा था इसके बावजूद भी मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों की ओवरलोड ऑटो पर नजर नहीं पड़ी और यह सड़क हादसा हो गया. घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ऑटो में बड़ी पाइप लोड थी जिसके चलते भीड़भाड़ वाले इलाके धोबिया टंकी में बीती शाम यह ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया.

# जलप्रदाय से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें : अजय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, नगर निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने जलप्रदाय व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली.**

बैठक में बीते एक सप्ताह के दौरान निगम द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई. महापौर ने दूषित पानी की शिकायतों, पाइपलाइन लीकेज सुधार एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग से संबंधित कार्यों की जानकारी निगम अधिकारियों से ली तथा निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित जल न मिले, यह निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. इस दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत एक सप्ताह में निगम की जलप्रदाय टास्क फोर्स टीम अलर्ट मोड पर रहते हुए 70 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया है. साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में 40 से अधिक लीकेज चिन्हित कर जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई करते हुए पाइपलाइन मरम्मत एवं लीकेज सुधार के कार्य किए गए. बैठक के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि जिन वार्डों में गंदे पानी की समस्या सामने आ रही है, वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जाए. महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी वार्डों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए. सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां सीवरेज कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां रेस्टोरेशन कर सड़कों को मोटरेबल बनाया जाए तथा रेस्टोरेशन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए. बैठक में कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, सीवर एवं सीएमआर कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# यातायात थाना प्रभारी पर कार्यवाही करने अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ो अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा के विरूद्ध ज्ञापन सौपा है.**



ज्ञापन में बताया गया कि कुछ समय पहले बासघाट निवासी अधिवक्ता विकास पटेल के साथ निरअपराध होने के बावजूद अपनी रौब व हनक के लिये गंभीर मारपीट की और विकास पटेल के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा डालने का झूठा आरोप लगाकर सिविल लाइन थाने में मुकदमा भी दर्ज करा दिया. विगत दिनो प्रकाश चौराहा में अधिवक्ता अमित सिंह भदौरिया के विरूद्ध केवल इस लिये जुर्माना लगाया गया कि वे अधिवक्ता के यूनिफार्म में थे और अपने अधिवक्ता होने की जानकारी यातायात थाना प्रभारी को दिया. जिसके बाद यातायात थाना प्रभारी ने चालान तो काटा ही और अभद्र भाषा का उपयोग भी किया. दो दिन पहले नवीन न्यायालय के प्रांगण में पूरी घटना की इकलौती जवाबदार यातायात थाना प्रभरी अनिमा शर्मा है. ट्राफिक गाड़ी को न्यायालय प्रांगण में नो टालरेंस जोन के कारण शायरन बजाते हुए एनाउंसमेंट चल रहा था, न्यायालय प्रांगण से बाहर ले जाने के लिये कहा गया तो वकीलो से ही अभद्रता करने लगी, जिससे हंगामा हुआ और अप्रिय घटना घटते-घटते टल गई. ज्ञापन में मांग की गई है कि अधिवक्ता के विरूद्ध दर्ज कराया गया झूठा मुकदमा समाप्त किया जाय और अनिमा शर्मा यातायात प्रभारी के विरूद्ध अपराध कायम कर तत्काल पुलिस लाइन भेजा जाय. अन्यथा कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है. ज्ञापन सौपने में म.प्र राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष तरूणेन्द्र सिंह, ग्रंथपाल राममणि मिश्रा, अनूप प्रताप सिंह, शंकरेश्वर तिवारी, जीडी मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे.

### मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 को

**रीवा, 22 जनवरी,** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा. समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाने तथा संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य इस दिवस पर किया जायेगा.

# मनगवां हाईवे पर कार और ट्रक की टक्कर, घंटों रहा जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, रीवा मनगवां हाईवे पर ग्राम बेलवा के समीप बीती रात कार और ट्रक में टक्कर हो गई.**

हालांकि इस सड़क हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है लेकिन दो वाहनों के बीच हुई टक्कर के बाद घंटों यातायात बाधित रहा. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस लेकिन उसके पहले ही दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया और मामला शांत हो गया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा से मंनगवा की ओर जा रहे दो वाहनों में ओवरटेक के चक्कर टक्कर हो गई. बताया गया है कि कार और ट्रक दोनों एक ही तरफ जा रहे थे इसी दौरान ट्रक कार से टकरा गया जिसके बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था.

# अवैध उत्खनन और ब्लास्टिंग की शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 22 जनवरी, रीवा में अवैध उत्खनन से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया. ग्रामीणों का कहना है कि वह हर समय जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं.**

इलाके में अवैध ब्लास्टिंग से रात में पत्थरों की बारिश होती है जिससे कई मवेशी लहूलुहान हो गए तो कई लोग जख्मी है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही. दरअसल रीवा के मदधेपुर से आए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनिज विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर शिकायत पत्र सीधे खनन माफिया के पास पहुंचता है, जिससे उन्हें खनन माफिया जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. ग्रामीणों ने कहा कि जब खनिज विभाग में सुनवाई नहीं हुई तो इसकी शिकायत कलेक्टर-एसपी और संबंधित थाने में की गई, लेकिन वहां भी उन्हें न्याय नहीं मिला. ग्रामीणों का आरोप है कि पूरा प्रशासन तंत्र माफिया के सामने नतमस्तक है यदि कोई ग्रामीण आवाज उठाता है तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है. ग्रामीणों ने कहा कि खनन माफियाओं ने शमशान घाट को भी अपनी जद में ले लिया है. ग्रामीणो ने कार्यवाही के साथ रोक लगाने की मांग की है. आरोप है कि खनिज विभाग की अधिकारी आरती सिंह से शिकायत करने पर शिकायत की कॉपी खनन माफिया को भेज दी जाती है इसके बाद उनके साथ मारपीट जैसी घटनाएं भी हो रही है. समय पर कार्यवाही नी हुई तो बड़ी घटना घटित हो सकती है.